भारत सरकार
रसायन और उर्वरक मंत्रालय
उर्वरक विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या **3072**

जिसका उत्तर शुक्रवार, 13 दिसंबर, 2024/22 अग्रहायण, 1946 (शक) को दिया जाना है।

केरल में उर्वरकों की कमी

3072. श्री के.सी.वेणुगोपाल:

क्या रसायन और उर्वरक मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या देश के अनेक राज्यों विशेषकर केरल राज्य में उर्वरकों की भारी कमी है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ग) आपूर्ति शृंखला में किन्हीं चुनौतियों या बाधाओं अथवा उत्पादन, वितरण या खरीद से संबंधित मुद्दों जिनका समाधान किए जाने की आवश्यकता है, के संबंध में केरल में उर्वरकों की कमी के लिए उत्तरदायी कारण अथवा कारक क्या हैं?

उत्तर

रसायन और उर्वरक मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्रीमती अनुप्रिया पटेल)

(क) से (ग): चालू रबी मौसम 2024-25 (01.10.2024 से 09.12.2024 तक) के दौरान देश में यूरिया, डीएपी, एमओपी और एनपीकेएस की आवश्यकता, उपलब्धता, बिक्री और अंतिम स्टॉक का विवरण निम्नानुसार है:-

<मात्रा एलएमटी में>

क्र.सं.	उत्पाद समूह	मौसमी आवश्यकता	09.12.2024 तक यथानुपातिक आवश्यकता	09.12.2024 तक उपलब्धता	09.12.2024 तक डीबीटी बिक्री	09.12.2024 तक अंतिम स्टॉक
1	**यूरिया**	186.89	89.37	133.97	73.52	60.45
2	**डीएपी**	52.05	36.91	40.47	31.77	8.70
3	**एमओपी**	11.95	6.24	14.22	5.77	8.45
4	**एनपीकेएस**	77.10	41.09	60.74	37.03	23.71

चालू रबी मौसम 2024-25 (01.10.2024 से 09.12.2024 तक) के दौरान केरल राज्य में यूरिया, डीएपी, एमओपी और एनपीकेएस की आवश्यकता, उपलब्धता, बिक्री और अंतिम स्टॉक का विवरण निम्नानुसार है:-

<मात्रा '000' मीट्रिक टन में>

क्रम.सं.	उत्पाद समूह	मौसमी आवश्यकता	09.12.2024 तक यथानुपात आवश्यकता	09.12.2024 तक उपलब्धता	09.12.2024 तक डीबीटी की बिक्री	09.12.2024 तक अंतिम स्टॉक
1	**यूरिया**	57.00	29.00	47.00	33.00	14.00
2	**डीएपी**	7.00	3.00	8.00	6.00	2.00
3	**एमओपी**	40.00	21.00	49.00	25.00	24.00
4	**एनपीकेएस**	60.00	29.00	57.00	39.00	18.00

*****